तीन विधायकों पर एफ आईआर दर्ज

केजरीवाल सरकार की बढ़ी मुश्किलें

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार के लिए लगातार मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। एक के बाद एक पार्टी किसी न किसी नए विवाद का सामना कर रही है। अब आम आदमी पार्टी (आप) के तीन विधायकों पर दिल्ली विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान 28 जून को एक महिला के साथ कथित मारपीट पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद सिविल लाइन थाने में अमानतुगा खान, जरनैल सिंह और सोमनाथ भारती पर मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, विशेष सत्र के दौरान तीनों विधायकों पर एक महिला के साथ कमरे में बंद करके कथित रूप से मारने पीटने और उत्पीडन का आरोप है। तीनों पर धारा 323 , 342 , 354 , 354 ए (।) और 590 ध् 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में आगे जांच जारी है।

कर्णन की गतिविधि ने न्याय प्रणाली को हंसी का पात्र बनाया

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विवादित न्यायाधीश सी एस कर्णन अपनी अशोभनीय गतिविधि को लेकर दंडित होने के लिए उत्तरदायी हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने यह टिप्पणी भी की कि उनके बयानों ने न्यायिक प्रणाली को हंसी का पात्रबना दिया था। न्यायालय ने कर्णन को सुनायी गयी छह महीने की जेल की सजा पर विस्तृत आदेश दिया है। कर्णन उस समय कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। बाद में वह सेवानिवत्त हो गए। न्यायालय ने कहा कि उनका मामला दुभार्ग्यपूर्ण है क्योंकि यह एक कार्यरत न्यायाधीश के खिलाफ कावाई से संबंधित था और इसने रेलू तथा विदेशी दोनों मीडिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। न्यायालय ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद भी कर्णन ने मद्रास उच्च न्यायालय में अपने सहयोगियों के बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस न्यायालय द्वारा समय समय पर आदेश जारी किए जाने के बाद उनका आचरण और आक्रामक होता गया। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर विस्तृत फैसला आज अपलोड किया गया। इस पर कल हस्ताक्षर किए गए हैं। यह फैसला 80 पन्नों में है और इसमें दो सेट हैं लेकिन फैसले में सहमति है। न्यायालय ने नौ मई को संक्षिप्त आदेश दिया था। कर्णन नौ मई से फरार थे और उन्हें पश्चिम बंगाल पुलिस ने 20 जून को तमिलनाडु में कोयंबटूर से गिरफ्तार किया था। उन्हें कोलकाता की एक जेल में रखा गया है। वह पहले न्यायाधीश हैं जिन्हें जेल भेजा गया है। प्रधान न्यायाधीश जे एस खेहर नीत सात सदस्यीय पीठ इस मामले को देख रही थी। पीठ ने कहा, उम्मीद की गई थी कि वह अपने निष्कर्ष बिना भय या पक्षपात के, बिना स्नेह या दुभार्वना से रिकॉर्ड के सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति कर्णन की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित किया था और डाक्टरों के पैनल की रिपोर्ट की अनुपस्थिति में उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से फिट माना। न्यायालय ने कर्णन द्वारा तीन जनवरी को प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र का भी जिक्र किया और कहा कि इससे उनकी मानसिकता का पता लगता है। उस पत्र में कई न्यायाधीशों के खिलाफ आरोप लगाए गए थे।

सिक्किम विवाद पर चीन का नया पैतरा

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। सिक्किम से लगी सीमा पर भारत के साथ जारी तनातनी के बीच चीन लगातार दादागिरी दिखा रहा है। चीनी सरकारी मीडिया के जरिए भी धमकाया जा रहा है। इस बार भारत को चेताया गया है कि अगर वह ताजा सीमा विवाद मामले में पीछे नहीं हटेगा तो चीन सिक्किम में आजादी का समर्थन करना शुरू कर देगा। ग्लोबल टाइम्स ने अपने एक संपादकीय में कहा है कि भारत से निपटने के लिए सिक्किम की आजादी का समर्थन एक 'पावरफुल कार्ड' होगा। संपादकीय में मजबूती से इस बात की वकालत की गई है कि बीजिंग को सिक्किम को लेकर अपने रुख पर फिर से विचार करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इसका मानना है कि भारत को अपने उकसावे के लिए कीमत चुकानी होगी। चीन को भारत की 'क्षेत्रीय आजादी' खत्म करने की जरूरत है। गौरतलब है कि चीन ने सिक्किम में भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा सीमा पार करने का आरोप लगाया है और लगातार मांग कर रहा है कि भारत अपने सुरक्षा बलों को वापस बुला ले। यहां तक कि चीन इसको लेकर युद्ध तक की धमकी दे चुका है।

हाथी के कुचलने से किसान की मौत

कोरबा,(**आरएनएस**)। वन मण्डल कोरबा के करतला परिक्षेत्र में बीती रात जंगली हाथियों ने एक अधेड़ किसान को कुचल कर मार डाला। पिछले एक सप्ताह में हाथियों के कुचलने से मौत की यह तीसरी घटना है। जानकारी के अनुसार ग्राम भैसमा निवासी मृतक किसान फेकूराम अपने भाई के साथ गत रात्रि गांव के निकट बांध में मछली पकड़ने के लिए गया हुआ था। वहां मृतक के भाई का सामना हाथी से पहले हुआ। मृतक के भाई ने समझदारी का परिचय दिया। वह हाथी को सामने देख चुपचाप स्थिर खड़ा हो गया। लेकिन रात के अंधेर में उसके बड़े भाई फेकूराम ने हाथी को नहीं देखा और हाथी के सामने जा पहुंचा। इसके बाद हाथी ने फेकूराम को पटक-पटककर मार डाला। उल्लेखनीय है कि गत 30 जून को जंगली हाथियों ने ग्राम बोतली में एक किसान को कुचलकर मार डाला था। इसके बाद 04 जुलाई की रात पीडिया में एक 75 वर्षीय वृद्ध देवचरण राठिया पिता चमार राम के ऊपर एक हाथी ने हमला कर दिया था, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी थी। याद रहे कि करतला वन परिक्षेत्र में हाथियों का समूह लगातार विचरण कर रहा है। एक के बाद एक घटना को भी अंजाम हाथियों द्वारा दिया जा रहा है। हाथी फसल को नुकसान तो कर ही रहे हैं साथ ही मकान व लोगों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

मसला रातोंरात नहीं सुलझ सकताः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। उच्चतम न्यायालय ने फसल बीमा योजना जैसी किसान समर्थक योजनाओं के प्रभावी नतीजे आने के लिए कम से कम एक साल के समय की आवश्यकता संबंधी केन्द्र की दलील से सहमित व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों के आत्महत्या के मामले को रातोंरात नहीं सुलझाया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश जगदीश सिंह खेहर और न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चन्द्रचूड की पीठ ने सुनवाई के दौरान यह बात कही। पीठ ने केन्द्र को समय देते हुए गैर सरकारी संगठन सिटीजन्स रिसोर्स एंड एक्शन इनीशिएटिव की जनहित याचिका पर सुनवाई 6 महीने के लिए स्थगित कर दी।

सरकार को देना चाहिए पर्याप्त समय

केन्द्र की ओर से अटार्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल ने राजग सरकार द्वारा उठाए गए किसान समर्थक मय उपायों का हवाला दिया और कहा कि इनके नतीजे सामने आने के लिये सरकार को पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने शुरू में कहा कि किसानों की आत्महत्या के मामलों में वृद्धि हो रही है परंतु बाद में वह सरकार की दलील से सहमत हो गया और उसे समय प्रदान कर दिया। इस बीच, पीठ ने केन्द्र से कहा कि वह किसानों के आत्महत्या के मामले से निपटने के उपाय करने के बारे में गैर सरकारी संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोन्सालिवज के सुझावों पर विचार करें। न्यायालय गुजरात में किसानों के आत्महत्या के मामले बढने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। बाद में न्यायालय ने इसका दायरा बढ़ाकर अखिल भारतीय कर दिया था।

राहुल की तुलना में प्रियंका अच्छी तो भाजपा ने किया वारः लालू

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रियंका वाड्रा के समर्थन की ओर इशारा करते हुए सुझाव दिया कि आगामी 2019 चुनाव के लिए सपा-बसपा गठबंधन आगे आ सकती है, जिसकी निंदा करते हुए भाजपा ने गुरुवार को कहा कि बेनामी संपत्ति का मामला खुलने के बाद सत्ता और पद को लेकर लालू चिंतित हैं। एएनआई से बात करते हुए भाजपा नेता नलिन कोहली ने कहा, 'शायद लालूजी अपने ऑफिस और पावर को लेकर काफी चिंतित हैं और किसी तरह अपना ऑफिस बनाए रखने की जुगाड़ कर रहे हैं क्योंकि उनसे बेनामी संपत्ति को लेकर पूछ गए सवालों में से किसी का जवाब नहीं दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की तुलना में प्रियंका गांधी ज्यादा अच्छी होंगी। यदि ऐसा है, तो कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता से स्पष्टीकरण लेना अधिक अच्छा होगा। वैसे भी कांग्रेस और लालूजी एक साथ मिले हुए हैं। इसी तरह का विचार भाजपा के एक अन्य नेता गौरव भाटिया ने भी दिया। उन्होंने कहा कि लालू यादव व उनके परिवार के खिलाफ बेनामी संपत्ति का मामला खुलने से वे काफी डरे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'लालू का बयान इस बात का सबूत है कि बेनामी संपत्ति का मामला खुलने और कानूनी कार्रवाई से वे काफी डरे हुए हैं। ये सभी राजनीतिक पार्टियों के पास एक समान आदर्श नहीं है। जिसके कारण पूरे देश में भाजपा अपने पंख फैला रही है और युवाओं को जागृत कर रही है।' राजद के 21वें स्थापना दिवस के अवसर पर लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को कहा कि वे राहुल गांधी की जगह प्रियंका वाड्रा का नेतृत्व पसंद करते हैं। इसके बाद उन्होंने 2019 के आम चुनाव के लिए सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन का प्रस्ताव रखा। लालू ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, 'अखिलेश यादव और मायावती के साथ आने की काफी संभावना है। यदि ऐसा होता है तो 2019 का मैच खत्म। रॉबर्ट वाड्रा, प्रियंका जी, केजरीवाल, ममता दीदी या लालू यादव व उनके परिवार को तोड़ने की कोशिश की जा रही है।

जाति प्रमाण पत्र फर्जी हो तो हाथ से जाएगी डिग्री और नौकरी

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर डिग्री और नौकरी पाने वालों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर कोई फर्जी प्रमाण पत्र के दम पर डिग्री या नौकरी लेता पाया गया तो उससे यह छीन लिए जाएंगे। साथ ही उन्हें सजा भी दी जाएगी चाहे फिर उसने कितने भी समय नौकरी क्यों ना कर ली हो। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश से भी असहमति जताई जिसमें कहा गया था कि अगर किसी ने लंबे समय तक नौकरी कर ली है तो उसे नौकरी से ना निकलते हुए उसे काम करने दिया जाए। चीफ जस्टिस जेएस खेहर और जस्टिस डीवाय चंद्रचूड़ की बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश से असहमति जताई है। अदालत ने यह आदेश महाराष्ट्र सरकार के अलावा अन्य याचिका कर्ताओं द्वारा बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया है।

कास्टिंग काउच पर सांसद ने दिया आपत्तिजनक बयान

तिरुवनंतपुरम,(**आरएनएस**)। मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और सांसद इनोसेंट वरीद थेकेथला ने कास्टिंग काउच को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया है। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच पर सांसद ने कहा कि 'बुरी' अभिनेत्रियां अपनी इच्छा से 'हमबिस्तर' हो सकती हैं। इनोसेंट ने कहा कि हालांकि आज समय बहुत बदल चुका है। अगर किसी महिला के सामने कोई आपत्तिजनक प्रस्ताव आता है तो वह उसे मीडिया के सामने लाने में एक सेकंड भी नहीं लगाती है। वह बोले, 'वे दिन लद गए। अगर उस तरह के प्रस्ताव आज किसी महिला के सामने आए तो वह उसे आप जैसे लोगों के साथ शेयर कर देती हैं। लोकिन अगर महिला बुरी है तो वह बेड शेयर कर सकती है।' इनोसेंट माकपा समर्थित निर्दलीय सांसद हैं। दरअसल, पिछले हफ्ते मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन की तरफ से आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अभिनेता दिलीप, मोहनलाल, ममूटी, विधायक मुकेश और केरल के पूर्व परिवहन मंत्री गणेश कुमार भी शामिल हुए। पीसी में केरल की एक अभिनेत्री के अपहरण और छेड़छाड़ का मुद्दा उठा था और इस मुद्दे पर एसोसिएशन के मत को लेकर सवाल पूछे गए थे। यही नहीं, अभिनेता पार्वती ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि फिल्मों में भूमिका पाने के लिए अभिनेत्रियों को हमबिस्तर होना पड़ता है।

86 पाव शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर,(**आरएनएस**)। गोलबाजार पुलिस ने 86 पाव शराब के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि कल रात पुलिस को सूचना मिली की दर्जी लाईन गोलबाजार के पास दो युवक अवैध रूप से शराब रखे है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की तलाशी ली तो दोनो के पास से कुल 86 पाव अंग्रेजी शराब मिली। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपी जीतेंद्र पिता स्व.गोविंद गुप्ता 38 वर्ष निवासी पूनम भोजनालय गली मालवीय रोड व मोह.नौसाद पिता मोह.अंसार 27 वर्ष निवासी संतोषीनगर टिकरापारा को गिरफ्तार किया है।

जंगल में युवक पर तेंदुए ने किया हमला

रामनगर,(**आरएनएस**)। दोस्तों के संग मुरादाबाद से रामनगर के जंगल में पत्ते तोड़ने पहुंचे युवक पर तेंदुए ने हमला कर दिया। इस दौरान साथियों के शोर मचाने से तेंदुआ भाग निकला, लेकिन युवक के साथी भी उसे छोड़ भाग निकले। मुरादाबाद से लोग रामनगर के जंगल से गूलर के पत्ते तोड़कर ले जाते हैं। पत्तों को मुरादाबाद ले जाकर बेचा जाता है। ग्राम बुरानपुर थाना भगतपुर निवासी आसिफ(30) पुत्र अजीज ट्रेन से रामनगर तराई पश्चिमी वन प्रभाग के जंगल आया था। आमपोखरा के जंगल में सती मंदिर के समीप वह कुछ लोगों के साथ गूलर के पत्ते तोड़ने के बाद उन्हें जमीन पर एकत्र कर रहा था। इस बीच उस पर तेंदुए ने पीछे से हमला कर दिया। उसने शोर मचाया तो अन्य लोगों का ध्यान उस ओर गया। लोगों ने किसी तरह शोर मचाकर तेंदुए को वहां से भगाया। हमले के बाद लोग दहशत में आ गए। आसिफ के सिर व पीठ पर तेंदुए के दांत व नाखून लग गए। इसके बाद वहां मौजूद लोग उसे छोड़कर भाग गए। घायल ने खुद वन चौकी आकर घटना की जानकारी दी। रेंजर लक्ष्मण सिंह बिष्ट उसे उपचार के लिए काशीपुर चिकित्सालय ले गए।

आर्मी का जवान जहूर ठाकुर एके-47 के साथ लापता

श्रीनगर,(**आरएनएस**)। जम्मू कश्मीर में क्षेत्रीय सेना के एक जवान के लापता होने की खबर सामने आई है। बताया जाता है कि क्षेत्रीय सेना का एक जवान और पुलवामा जिले का निवासी जहूर ठाकुर के बारामुगा के गंटमुड़ा स्थित अपने शिविर से एके -47 हथियार के साथ लापता हैं। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। उत्तरी कश्मीर में एक सैन्यकर्मी के हथियरों संग अचानक लापता होने के बाद एलर्ट का एलान कर दिया गया है। पुलिस और सेना ने इस संदर्भ में अलग अलग मामले, दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। संबधित सूत्रों ने बताया कि लापता जवान का नाम जहूर अहमद ठाकुर है और वह दक्षिण कश्मीर में जिला पुलवामा का रहने वाला है। वह उत्तरी कश्मीर में जिला पुलवामा के अंतर्गत एलओसी के साथ सटे गंटमुला में सेना की 173 टेरीटोरियल रेजिमेंट में तैनात था। बीती रात को वह अचानक ही अपनी सरकारी राइफल, मैगजीन, कारतूस,पाऊच और बीपी जैकेट समेत गायब हो गया। हालांकि संबधित अधिकारियों ने उसके लापता होने के कारणों का खुलासा नहीं किया है। लेकिन आशंका व्यक्त की जा रही है कि वह आतंकी संगठन में शामिल होने के लिए भागा होगा। अन्य विवरण प्रतीक्षारत हैं।

पूर्व विवाद के चलते महिला से मारपीट

रायपुर,(**आरएनएस**)। रामजानकी मंदिर के पास बैरनबाजार में पूर्व विवाद के चलते तीन युवकों ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मंजू दीप पति अमित दीप 31 वर्ष रामजानकी मंदिर के पास बैरनबाजार की रहने वाली है। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

जियो का धन धना धन ऑफर हो रहा है खत्म

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। जियो ने पांच सितंबर को लॉन्च होने के बाद 6 महीने तक अपने ग्राहकों को मुफ्त में इंटरनेट, कॉलिंग और एसएमएस सुविधाएं दीं. इसका ग्राहकों ने जमकर फायदा उठाया इसके बाद कंपनी ने समर सरप्राइज ऑफर और जियो प्राइम मेंबर्स लेने वालों के लिए धन धना धन ऑफर और समर सरप्राइज ऑफर की शुरुआत की. लेकिन अब जुलाई के अंत तक ये सेवाएं समाप्त होने वाली हैं. अब ग्राहक ये सोच रहे हैं कि कंपनी उनके लिए कौन सा नया ऑफर लाएगा, ता चलिए हम आपको बताते हैं कि आप कैसे अपने अगले ऑफर के बारे में जान सकते हैं. बता दें धन धना धन ऑफर के तहत प्राइम मेंबर्स को 84 दिनों के लिए 309 और 509 रुपए के रिचार्ज पर हर रोज क्रमशः 1 जीबी और 2 जीबी 4 जी डाटा, अनलिमटेड कॉलिंग और एसएमएस मिल रहा था. वहीं जियो सरप्राइज ऑफर के तहत एक महीने की कीमत में 90 दिन के लिए जियो सर्विस फ्री मिली थी. इसके लिए 303 रुपए के रिचार्ज पर हर दिन 1 जीबी डाटा और 499 के रिचार्ज पर 2 जीबी डाटा मिल रहा था. अब ये ऑफर सिर्फ एक महीने के लिए ही वैलि़ड होंगे.

विज्ञान समाचार Science News

कॉफी पीने से लंबी हो सकती है आयु!

एक शोध से पता चला है कि दिन भर में तीन बार कॉफी पीने से आपकी आयु लंबी हो सकती है। यह शोध यूरोप के दस देशों के करीब पांच लाख लोगों पर किया गयाण् यह शोध 35 साल से ज़्यादा उम्र के लोगों पर किया गया। एनाल्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन नाम के जर्नल में छपे शोध में कहा गया है कि एक कप अतिरिक्त कॉफी पीने से किसी इंसान की आयु लंबी हो सकती है। भले ही यह कॉफी डिकैफ़िनेटेड कैफ़ीन निकाला गया ही क्यों ना हो। लेकिन कुछ विशेषज्ञों ने शोध के नतीजों पर शंका जाहिर की है, इन विशेषज्ञों का कहना है कि यह दावे के साथ नहीं कहा जा सकता है कि कॉफी की ही वजह से ही ऐसा हुआ है या फिर कॉफी पीने वाले लोगों के स्वस्थ जीवनशैली के कारण। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर एंड इम्पेरियल कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं का कहना है कि अधिक कॉफी पीने का ताल्लुक दिल और आंत की बीमारी से मरने का जोखिम कम होने से है। यूनिवर्सिटी ऑफ़ कैम्ब्रिज के प्रोफेसर सर डेविड स्पीगल हालटर का कहना है कि अगर कॉफी की वजह से मृत्यु की दर में कमी का आकलन किया जाए तो एक अतिरिक्त कप कॉफी हर दिन पीने से मर्दों की उम्र तीन महीने ज़्यादा हो सकती है, जबकि औरतों की आयु औसतन एक महीने बढ़ जाती है। हालांकि यह शोध बहुत बिलकुल सही तरीके से किया गया है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि इसमें कोई चूक ना हुई हो, यह शोध ये भी नहीं बता सकता कि कॉफी के अंदर ऐसा क्या जादुई तत्व है, जिससे आयु बढ़ सकती है।

सहारा ने जमा किए 1,500 करोड़ रुपये,फिर भी लटकी है सुप्रीम कोर्ट की तलवार

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। सहारा ग्रुप ने बुधवार को बाजार विनियामक संस्था सेबी के पास 15,000 करोड़ रुपये जमा कर दिया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने और 500 करोड़ रुपये जमा कराने की मौजूदा मियाद बढ़ाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक, सहारा को 15 जुलाई तक और 500 करोड़ रुपये जमा कराने हैं जबकि एक महीने का मौका और चाहता है। 15 जुलाई की मियाद को एक महीने बढ़ाने की अपील करते हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और मुकुल रोहतगी ने कहा कि ग्रुप बकाया 9,000 करोड़ रुपये जमा कराने के प्रति काफी संजीदा है, लेकिन कोर्ट ने उनकी एक न सुनी। वकीलों ने गुहार लगाई, कृपया 500 करोड़ रुपये जमा कराने की डेडलाइन 15 अगस्त तक बढ़ा दीजिए। तब तक हम बाकी के 9,000 करोड़ रुपये चुकाने का रोडमैप भी बता देंगे। हमने अब तक 13,316 करोड़ रुपये जमा करा दिए हैं। सेबी तथाकथित निवेशकों को कितने पैसे लौटाए? हमारे दस्तावेजों का नमूना जांच हो जिससे स्पष्ट होगा कि हम निवेशकों के पैसे लोटा चुके हैं। हम पूरे पैसे जमा कराने के अपने वादे से पीछे नहीं हट रहे, लेकिन हमें थोड़ी राहत चाहिए। 15 जून तक सहारा ने 790.18 करोड़ रुपये ही जमा कराए थे, जो उसके वादे से 710 करोड़ रुपये कम थे। बुधवार को सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि ग्रुप ने सेबी को 710.22 करोड़ रुपये दे दिए हैं। इनमें से 625 करोड़ रुपये लंदन के ग्रॉसवेनर हाउस होटल की बिक्री से प्राप्त हुए थे। लेकिन, जस्टिस दीपक मिश्रा, जस्टिस रंजन गोगोई और जस्टिस ए. के. सिकरी की बेंच टस से मस नहीं हुई और कहा कि सहारा ग्रुप अगर 15 जुलाई तक 500 करोड़ रुपये जमा कराने में असफल रहा तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। अगर ग्रुप 27 अप्रैल को किए अपने उस वादे से मुकरता है जो उसने 19 जून को दुहराए थे, तो अंतरिम जमानत पर छूटे ग्रुप के प्रमुख सुब्रत रॉय और दो डायरेक्टरों को दुबारा जेल जाना पड़ सकता है। बेंच ने कहा, भविष्य का एक ही रोडमैप हो सकता है और वह है,भारी-भरकम इंस्टॉल मेंट्स... जैसा कि इस अदालत के फैसलों में कहा जा चुका है कि हम पैसे के लिए अनंतकाल तक इंतजार नहीं कर सकते। वहां मौजूद सुब्रत रॉय को कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि वह उनकी प्राइम प्रॉपर्टी ऐंबी वैली की नीलामी की प्रक्रिया शुरू करेगा।